# दूषित जल से लोग फिर बीमार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में दूषित पानी पीने से रहवासियों के बीमार होने का मामला फिर सामने आया है. इस बार वार्ड 16 में दूषित पानी पीने से रहवासी बीमार हुए हैं. करीब 10 से ज्यादा लोगो के विभिन्न तरह की बीमारियों से पीड़ित होने की जानकारी मिली है.**

शहर में नगर निगम लाख दावे करे कि शहर में पानी की समस्या नहीं है और शुद्ध पानी दिया जा रहा है. मॉनीटरिंग की जा रही है, लेकिन वास्तविकता में सब फोरी कहानी ज्यादा नजर आती है. कुछ महीने पहले भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने की वजह से 35 लोगों की मौत हो गई थी. अब दूषित पानी का मामला नगर निगम के वार्ड 16 की महावीर नगर कालोनी में भी सामने आया है. उक्त कॉलोनी में एकमात्र बोरिंग से पानी की सप्लाई की जाती है. बोरिंग में सीवरेज का पानी मिलने की वजह से क्षेत्र के कई लोग बीमार हो गए. रहवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत दर्ज होने के बाद भी नगर निगम द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई. रहवासियों के बीमार होने का मामला सामने आने के बाद नगर निगम की टीम क्षेत्र में पहुंची. बोरिंग पानी की जांच में खुलासा हुआ कि ड्रेनेज का पानी मिक्स होकर सप्लाई की जा रही है. बोरिंग में ड्रेनेज लाइन से मिक्स हो रहे दूषित पानी लाइन को ठीक करने का काम शुरू कर दिया है.

**रहवासियों को बीमारी होने लगी:** वार्ड 16 के महावीर नगर (अहिल्या नगर) में पिछले आठ दिनों में रहवासियों को उल्टी दस्त, बुखार, चक्कर आना, पेट दर्द, उल्टियां होने जैसी बीमारी होने लगी. यह धीरे धीरे कॉलोनी के कई घरों में फैल गई. इससे लोगों को अहसास हुआ कि पानी में गड़बड़ है, लेकिन पार्षद सोनाली मुकेश धारकर और निगम अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया. नतीजा यह आया कि कई घरों में लोग बीमार हो गए.



## पार्षद कहती महावीर नगर को पानी नहीं दूंगी : पार्वती



रहवासी पार्वती चौहान ने पार्षद सोनाली धारकर से भी शिकायत की, लेकिन पार्षद ने शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया . पार्वती चौहान ने कहा कि पार्षद कहती हैं मैं सब जगह पानी दूंगी, लेकिन महावीर नगर में पानी नहीं दूंगी . रहवासियों ने पूछा कि क्यों नहीं दोगे, तो सिर्फ इतना कहा कि नहीं मिलेगा इस कॉलोनी को पानी .

## पार्षद आती नहीं : ज्योति



रहवासी ज्योति ने बताया कि गंदा पानी आ रहा था, तो हमने देखा ड्रेनेज के चेंबर का पानी मिल रहा है . हमने नगर निगम और पार्षद को खबर की . अधिकारी आए, लेकिन पार्षद नहीं आई और न कभी इधर आती हैं . हमारी कॉलोनी में तीन चार कॉलोनी के लोग पानी भरने आते है, क्योंकि सबके बोरिंग सूख गए . कॉलोनी में कई बच्चे और लोग बीमार हो गए . कुछ अस्पताल में भर्ती हैं . कुछ घर पर इलाज ले रहे हैं .

**बोरिंग बंद कर दिया, अब क्षेत्र में टैंकरों से सप्लाई की जा रही: पाठक:** नगर निगम अपर आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि पंचायत का बोरिंग है और 2014 में ड्रेनेज लाइन डाली गई थी. ड्रेनेज चौक होने से बोरिंग में दूषित पानी उतर गया. बोरिंग फिलहाल बंद कर दिया है. निगम द्वारा 2 टैंकरों से महावीर नगर में पानी दिया जा रहा है. अभी आयुक्त और हम सभी अधिकारी मौके का दौरा करके आए हैं. बीमार लोगों की जानकारी भी ले रहे हैं. जरूरत पड़ी तो उनके इलाज के व्यवस्था भी की जाएगी. निगम के टीम मौके पर तैनात है.

# रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर किया मंथन

▸ उद्योगों ने मांगी आरएंडडी व सर्टिफिकेशन सुविधाएं

नवभारत न्यूज

**इंदौर। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और स्थानीय उद्योगों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को इंदौर में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भरता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई, शैक्षणिक संस्थानों और रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने रक्षा उत्पादन से जुड़े अवसरों और चुनौतियों पर चर्चा की।**



कार्यशाला की अध्यक्षता संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने की। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी उत्पादन बढ़ाना समय की आवश्यकता है और इसके लिए उद्योगों, अनुसंधान संस्थानों तथा सरकार के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को रक्षा उत्पादन से जुड़े कंसल्टेशन कार्यक्रम में को-लीड राज्य के रूप में चुना गया है, जो प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण अवसर है।

रक्षा उत्पादन विभाग के उपनिदेशक अनिल कुमार राय ने सृजन पोर्टल, रक्षा उत्पादन नीतियों और निर्यात संभावनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार रक्षा उत्पादों के अनुसंधान एवं परीक्षण ढांचे का विस्तार कर रही है। एयर मार्शल विभास पाण्डे ने उद्योगों से रक्षा क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद विकसित करने का आह्वान किया।

कार्यशाला में उद्योग जगत ने कई महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे। पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गौतम कोठारी ने क्षेत्र में कॉमन फैसिलिटी सेंटर, आरएंडडी लैब और सर्टिफिकेशन सुविधाओं की स्थापना की आवश्यकता बताई। वहीं उद्योगपतियों ने रक्षा क्षेत्र में आयातित उत्पादों की सूची उपलब्ध कराने, एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए अनुसंधान लागत कम करने तथा सृजन पोर्टल को अधिक सरल और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने की मांग उठाई।कार्यशाला में रक्षा मंत्रालय, एमपीआईडीसी, सेना के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के 100 से अधिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डेंटल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. गुप्ता के निधन पर उप मुख्यमंत्री ने किया शोक व्यक्त

**इंदौर.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर की प्राचार्य डॉ. अलका गुप्ता के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि डॉ. अलका गुप्ता का निधन दंत चिकित्सा शिक्षा जगत एवं प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है. अपने कार्यकाल में उन्होंने महाविद्यालय के विकास, आधारभूत संरचना के विस्तार, नवीन भवन निर्माण एवं शैक्षणिक सुविधाओं के उन्नयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया. उनके नेतृत्व में महाविद्यालय में सीटों की संख्या 40-50 से बढ़ाकर 100 किए जाने जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि डॉ. गुप्ता का शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा.

# नीट परीक्षा के लिए इंदौर में सबसे ज्यादा 57 केंद्र

▸ तैयारियां समय से पहले पूरी करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 21 जून को होने वाली नीट ( यूजी ) परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और कुशल प्रबंधन के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं. मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा आयोजन में किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहनी चाहिए.**



प्रदेश के 30 जिलों में 283 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली इस परीक्षा में इंदौर सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र रहेगा, जहां 57 केंद्रों पर अभ्यर्थी परीक्षा देंगे. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी केंद्रों पर बायोमैट्रिक मशीन, सीसीटीवी कैमरे और जैमर 19 जून तक स्थापित कर 20 जून को उनका ट्रायल रन पूरा कर लिया जाए. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और जबलपुर में राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे के बावजूद परीक्षार्थियों को केंद्रों तक पहुंचने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए. जरूरत पड़ने पर प्रशासन और पुलिस अभ्यर्थियों को सरकारी वाहनों से भी परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में सहयोग करें. अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने बताया कि सभी जिलों में नियंत्रण कक्ष स्थापित कर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है. परीक्षा केंद्रों पर दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, जैमर, जनरेटर, पेयजल, ओआरएस, प्राथमिक उपचार, महिला अभ्यर्थियों के लिए अलग फ्रिस्किंग व्यवस्था तथा अभिभावकों के लिए टेंट और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. वीडियो कॉन्फ्रेंस में इंदौर से कलेक्टर शिवम वर्मा, एसपी ग्रामीण राजेंद्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए. प्रदेश में सबसे अधिक परीक्षा केंद्र इंदौर (57) में हैं, जबकि भोपाल में 32, ग्वालियर और जबलपुर में 24-24 केंद्र बनाए गए हैं.

**एआईसीटीसीएल की बसें लगाई जाएंगी:** इंदौर में नीट की परीक्षा को लेकर एआईसीटीसीएल की बसों को भी लगाया जाएगा जिससे बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को अपने केन्द्र तक जाने के लिए गंतव्य की समस्या का सामना नहीं करना पड़े.

## एक नजर में

### महेश कश्यप सहायक महासचिव निर्वाचित

**इंदौर .** फेडरेशन ऑफ नेशनल पोस्टल ओर्गनाईजेशन (एफएनपीओ) की 13 वीं फेडरल कांग्रेस और नेशनल एसोसिएशन ऑफ पोस्टल एम्पलॉयेज ग्रुप सी (एनएएपीई-सी) का 26 वां अखिल भारतीय सम्मेलन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में हुआ . राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों से एफएनपीओ से सम्बन्ध यूनियनों संघों के करीब 1200 प्रतिनिधी पदाधिकारी और सदस्य सम्मिलित हुए . अधिवेशन का शुभारंभ सांसद (राज्य सभा) एवं एलपीयू के सस्थापक चांसलर डॉ अशोक कुमार मित्तल ने किया . उन्होंने कहा डाक कर्मचारियों ने डाक सेवा देश के दूर-दराज क्षेत्रों को जोडनेके साथ नागरिक सेवा के हित सुविधाएं उपलब्ध करायी है .



एफएनपीओ के महासचिव शिवाजी वसिरेड्डी ने यूनियन की गतिविधियों व उपलब्धियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की . सम्मेलन के अंतिम दिन नेशनल एसोसिएशन ऑफ पोस्टल एम्पलाईस सर्व सम्मित से चुनाव किया गया, जिसमें सहयोग कदम ( महाराष्ट सर्कल) अध्यक्ष निर्वाचित किया गया . शिवजी वासिरेड्डी आंध्रप्रदेश सर्किल को जनरल सेक्रेटरी, महेश कश्यप ( मध्यप्रदेश) सहायक महासचिव निर्वाचित किया गया . इंदौर नगर मंडल से जलज रावत, सन्तुलाल मौर्य, कमल %नवाया, डाक कर्मचारियों एवं अन्य पोस्टमेन एवं एम .टी .एस साथियों ने पूरे मध्यप्रदेश से कश्यप् सर सहायक मासचिव निर्वाचित होन पर बधाई दी .

### जेराई फिटनेस ने 'लास्ट वन स्टैंडिंग' लॉन्च किया

**इंदौर .** कंपनी जेराई फिटनेस लिमिटेड ने रीबॉक को अपने मर्चेंडाइज एवं फिटनेस एक्सेसरी पार्टनर के रूप में शामिल करते हुए 'लास्ट वन स्टैंडिंग 'नामक देश की पहली राष्ट्रीय स्तर की स्ट्रेंथ और एंड्योरेंस चैंपियनशिप की घोषणा की है . यह केवल एक फिटनेस प्रतियोगिता नहीं, बल्कि देशभर के फिटनेस प्रेमियों, एथलीटों, जिम जाने वालों और स्वयं को चुनौती देने वाले आम लोगों को एक मंच पर लाने वाला एक व्यापक अभियान है . इस एक दिवसीय चैंपियनशिप के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गए हैं, जबकि इसका पहला एडिशन 13 दिसंबर, को मुंबई में आयोजित किया जाएगा . जेराई फिटनेस के प्रबंध निदेशक तथा 'लास्ट वन स्टैंडिंग' के सूत्रधार राजेश राय ने कहा आज सुविधाओं ने हमारे जीवन में शारीरिक गतिविधि को कम कर दिया है . हमारा शरीर अद्भुत शक्ति से भरपूर है, लेकिन हम उसे चुनौती देना लगातार कम करते जा रहे हैं . 'लास्ट वन स्टैंडिंग 'के माध्यम से हम सहनशक्ति, अनुशासन और दृढ़ता की उस भावना को फिर से जीवित करना चाहते हैं . यह मंच केवल श्रेष्ठ एथलीटों के लिए नहीं, बल्कि उन सभी लोगों के लिए है जो स्वयं को परखना और अपनी सीमाओं से आगे बढ़ना चाहते हैं .

### अमेज़न ने ब्यूटीवर्स 2026 की घोषणा की

**इंदौर .** अमेज़न इंडिया ने आज अपने प्रमुख ब्यूटी डिस्कवरी एक्सपीरियंस, ब्यूटीवर्स की घोषणा की, जो 20 जून को मुंबई में आयोजित होने जा रहा है . इसमें अनन्या पांडे, शिल्पा शेट्टी, सोनाक्षी सिन्हा, करिश्मा कपूर, जैकलिन फर्नांडीस, मीरा कपूर, उर्फी जावेद, महीप कपूर, सुशांत दिवगिकर और कई अन्य हस्तियां शामिल होंगी . पहली बार, ब्यूटीवर्स अमेजन .इन पर एक समर्पित स्टोरफ्रंट के माध्यम से ऑनलाइन भी उपलब्ध होगा, जिससे पूरे भारत में लाखों ग्राहक इस जुलाई में अमेज़न प्राइम डे से पहले हज़ारों ब्रांड्स को एक्सप्लोर कर सकेंगे, नए लॉन्च खरीद सकेंगे और क्रिएटर-आधारित कंटेंट तक पहुंच सकेंगे . अमेज़न इंडिया के डायरेक्टर-ब्यूटी सिद्धार्थ भगत ने कहा, पिछले साल, ब्यूटीवर्स ने 1,400 से अधिक अटेंडीज़ और ब्रांडों को एक साथ लाया था, जिन्होंने इवेंट के बाद अपने व्यवसाय में 1.6 गुना की वृद्धि देखी। इस साल, हम 2,000 से अधिक अटेंडीज़, 70 ब्रांड्स, भारत के सबसे बड़े सेलिब्रिटीज़, 600 से अधिक क्रिएटर्स और प्राइम मेंबर्स को एक साथ ला रहे हैं — जो इसे हमारा अब तक का सबसे बड़ा एडिशन बनाता है .

### इसुजु मोटर्स के प्री-मानसून सर्विस कैंप की शुरुआत

**इंदौर .** इसुज़ु अपने ग्राहकों को बेमिसाल सेवाएँ उपलब्ध कराने और वाहनों के मालिक के तौर पर उन्हें बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के अपने वादे पर कायम है . अपने इसी वादे को और ज्यादा मजबूत करते हुए, इसुज़ु मोटर्स इंडिया की ओर से अपने इसुजु डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी रेंज के लिए देश भर में 'इसुजु आई-केयर प्री-मानसून कैंप' का आयोजन किया जाएगा। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को आकर्षक फायदों के साथ-साथ रखरखाव के लिए एहतियाती जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि पूरे देश में सभी ग्राहकों को इस मौसम में बिना परेशानी के शानदार ड्राइविंग का अनुभव मिल सके . 'इसूज़ू केयर' की इस पहल के तहत, 18 से 24 जून, 2026 ( दोनों दिन शामिल है ) के बीच देश भर में इसूज़ू के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर प्री-मॉनसन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्राहक अपने वाहनों के लिए खास ऑफर्स के साथ-साथ शानदार फायदों का भी आनंद ले सकते हैं .

# विद्यार्थियों को दिए सफलता और नेतृत्व के गुर

▸ बाल विनय मंदिर पहुंचे कलेक्टर शिवम वर्मा

**इंदौर. स्कूल चले हम अभियान के तहत कलेक्टर शिवम वर्मा मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बाल विनय मंदिर पहुंचे. उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें स्कूल बैग, वाटर बॉटल सहित आवश्यक सामग्री वितरित की तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी.**



विद्यालय में आयोजित संवाद कार्यक्रम में कलेक्टर ने विद्यार्थियों से करियर निर्माण, नेतृत्व क्षमता और बदलती तकनीक के अनुरूप स्वयं को तैयार रखने पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि सफलता के लिए केवल शैक्षणिक उपलब्धियां ही नहीं, बल्कि प्रभावी संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता भी जरूरी है. एक अच्छा लीडर वही होता है जो दूसरों को समझकर सही दिशा दे सके. कलेक्टर ने कहा कि स्कूल केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का भी महत्वपूर्ण मंच है. यहां संवाद, टीमवर्क और सहभागिता से आत्मविश्वास तथा नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं. उन्होंने कला, संगीत, नृत्य और चित्रकला जैसे रचनात्मक क्षेत्रों को भी बेहतर करियर विकल्प बताते हुए विद्यार्थियों को अपनी रुचियों के अनुसार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत आवश्यक है. यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आने वाली चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को असफलताओं से सीख लेकर आगे बढ़ने की सलाह दी.

### स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक

कलेक्टर ने तकनीकी बदलावों के दौर में निरंतर सीखते रहने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जो व्यक्ति समय के साथ स्वयं को अपडेट रखता है, वही भविष्य के अवसरों का बेहतर लाभ उठा सकता है . कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका कलेक्टर ने सहज और प्रेरक ढंग से उत्तर दिया . इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी भार्गव, प्राचार्य पूजा सक्सेना एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे .

# दावों के बावजूद हजारों उपभोक्ता परेशान, एक महीने में भी 7,784 बिजली शिकायतें दर्ज

**इंदौर.** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भले ही बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों में कमी आने का दावा कर रही हो, लेकिन हकीकत यह है कि पश्चिम मध्यप्रदेश के 15 जिलों में आज भी हजारों उपभोक्ता बिजली समस्याओं से जूझ रहे हैं. कंपनी के ही आंकड़े बताते हैं कि 15 जून तक बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों की संख्या 7,784 रही, जो यह दर्शाती है कि व्यवस्था में अभी भी गंभीर खामियां बनी हुई हैं.

कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने शिकायतों में करीब 20 प्रतिशत कमी होने का दावा किया है. उनके अनुसार 15 मई को शिकायतों की संख्या 9,277 थी, जो एक माह बाद घटकर 7,784 रह गई. हालांकि सवाल यह उठता है कि यदि बिजली आपूर्ति व्यवस्था में वास्तव में व्यापक सुधार हुआ है, तो फिर एक ही दिन की स्थिति में हजारों शिकायतें दर्ज होने की नौबत क्यों आ रही है? क्षेत्र के 62 लाख उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध कराने वाली कंपनी के लिए प्रतिदिन हजारों शिकायतों का दर्ज होना उपभोक्ता सेवा की वास्तविक स्थिति पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है. उपभोक्ताओं का कहना है कि कई क्षेत्रों में बार-बार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग और शिकायतों के समाधान में देरी जैसी समस्याएं अब भी आम हैं. कंपनी ने शिकायत दर्ज कराने के लिए कॉल सेंटर, मोबाइल एप, पोर्टल, व्हाट्सएप और सोशल मीडिया सहित कई माध्यम उपलब्ध कराने का दावा किया है, लेकिन उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत दर्ज होने के बाद भी समय पर समाधान नहीं मिलता.

# नन्हे कदमों ने रखा शिक्षा की दुनिया में पहला कदम



**इंदौर.** नर्सरी के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय का प्रथम दिवस उत्साह, जिज्ञासा और खुशियों से भरपूर रहा. नन्हे बच्चे अपने नए विद्यालय को देखने, शिक्षकों से मिलने और नई दुनिया को जानने के लिए बड़े उत्साह के साथ विद्यालय पहुँचे. विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, आकर्षक शिक्षण सामग्री एवं खिलौनों से सुंदर रूप से सजाया गया था. प्री-प्राइमरी विभाग के शिक्षकों ने मधुर संगीत और आत्मीय वातावरण के साथ बच्चों का स्वागत किया, जिससे वे स्वयं को परिवार का हिस्सा महसूस कर सकें. शिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में सम्मिलित किया. बच्चों ने खिलौनों के साथ खेला, संगीत पर नृत्य किया तथा खेल मैदान में टॉय राइड्स का आनंद लिया. प्री-प्राइमरी स्टाफ द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए हस्तनिर्मित क्राफ्ट आइटम एवं सुंदर बुकमार्क नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप भेंट किए गए. हँसी, उमंग और आनंद से भरपूर यह दिन बच्चों के शैक्षणिक जीवन की एक सुखद एवं यादगार शुरुआत बन गया.

# नोटिस के बावजूद नहीं किया रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य

▸ निगम की चालानी कार्रवाई-30 हजार रुपये का जुर्माना

इंदौर. नोटिस के बावजूद रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य नहीं करने पर निगम ने चालानी कार्रवाई की और 30 हजार रुपये का जुर्माना वसूला.

नगर निगम द्वारा वर्षा जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहरभर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं के निर्माण एवं संचालन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में झोन क्रमांक 11, वार्ड क्रमांक 55 स्थित एम.जी. रोड क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों की समीक्षा एवं निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मेघापोलिस मल्टी खंडेलवाल हाउस को पूर्व में रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वॉटर रिचार्ज पिट निर्माण हेतु नोटिस जारी किए गए थे. इसके बावजूद संबंधित संपत्ति स्वामियों द्वारा निर्धारित समयावधि में आवश्यक कार्य पूर्ण नहीं किया गया. आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशों के पालन में झोनल अधिकारी गीतेश तिवारी के नेतृत्व में निगम दल द्वारा इंदौर, नगर पालिक निगम (वर्षा जल संचयन) उपविधियां 2022 के प्रावधान अंतर्गत कार्रवाई करते हुए संबंधित भवन पर कुल 30,000 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान भवन निरीक्षक श्री अभिनव, सीएसआई शैलेष पाल एवं एनजीओ टीम डिवाइन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.





# रक्तदान करने वालों को किया सम्मानित

**इंदौर.** डॉ दादू महाराज संस्थान इंदौर द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान दाताओं का सम्मान किया गया. प्रमुख रूप से 134 बार रक्तदान करने वाले डॉ अभिजीत तायडे को डॉ. दादू महाराज द्वारा सम्मानित किया गया .

साथ ही. रक्तदान दाताओं आशीष साहू, उज्वला मर्खेडकर, सनी जादम, सौरभ मर्खेडकर, नानेश तायडे के रक्तदान के प्रति जागरूकता के लिए प्रशंसा कर प्रति 17 जनवरी धाम स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर लगाने का संकल्प भी लिया गया. सपना संगीता स्थित भगवान दिन नगर, सुहाना गार्डन में इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे. इस अवसर पर दादू महाराज ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को समय समय पर करते रहना चाहिए क्योंकि रक्त का कोई विकल्प नहीं है, स्वागत मनोज हार्डिया, प्रताप तोलानी और गिरीश चव्हाण ने किया. संचालन विजय अंबेकर ने किया. आभार अलका सैनी ने माना. प्रमुख रूप से संदीप अंबेकर, विनायक विपट, अशोक भुसारी, नवीन मंडलोई उपस्थित रहे.

एक नजर में ▸ इंदौर का संदेश... 1 किलोमीटर से कम दूरी? गाड़ी नहीं, पैदल सही!

# मिनीथॉन का असर, इंदौर ने बढ़ाए बदलाव की ओर छोटे कदम

**इंदौर. नगर निगम द्वारा आयोजित 'मिनीथॉन- छोटी वॉक, बड़ा इम्पैक्ट' अब एक कार्यक्रम से आगे बढ़कर शहर में एक सकारात्मक बदलाव का आंदोलन बनता जा रहा है.**



मिनीथॉन में शामिल हुए नागरिकों ने महसूस किया कि 1 किलोमीटर से कम दूरी के लिए वाहन का उपयोग करने के बजाय पैदल चलना न केवल आसान है, बल्कि इसे रोजमर्रा की आदत भी बनाया जा सकता है. कई प्रतिभागियों ने बताया कि मिनीथॉन के बाद उन्होंने संकल्प लिया है कि वे अब छोटी दूरियों के लिए पैदल चलने को प्राथमिकता देंगे. उनका कहना है कि 1 किलोमीटर से कम दूरी को पैदल तय करना न केवल आसान है, बल्कि यह स्वास्थ्य, पर्यावरण और ईंधन बचत- तीनों के लिए लाभकारी है. प्रतिभागियों ने इस बदलाव को अपने जीवन में अपनाने की खुशी व्यक्त की और इसे एक स्थायी आदत बनाने का संकल्प लिया. इस वॉक ने लोगों को यह एहसास कराया कि छोटे-छोटे बदलाव भी बड़े परिणाम ला सकते हैं. पैदल चलने से जहां ईंधन की बचत हो रही है, वहीं स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है. अब इंदौर का संदेश साफ है- 1 किलोमीटर से कम दूरी? गाड़ी नहीं, पैदल सही! इस अभियान की उपलब्धियों में एक और गौरवशाली अध्याय तब जुड़ा, जब 'मिनीथॉन- स्मालेस्ट वाक फॉर बिग इम्पेक्ट को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा दुनिया की सबसे छोटी वॉक फॉर बिग इम्पैक्ट के रूप में रिकॉर्ड के लिए सफलतापूर्वक एडजुडिकेट किया गया.

### प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश

मिनीथॉन के दौरान इंदौरवासियों ने जल संवर्धन और जल संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया तथा अपने दैनिक जीवन में पानी बचाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया . यह पहल केवल एक वॉक नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार और सतत जीवनशैली अपनाने का अभियान बन गई है .